अमर उजाला 03/10/2025

# गांधी के दिखाए मार्ग पर चलें : डॉ. रोहित

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कॉलेज की एनएसएस इकाइयों ने गांधी अध्ययन केंद्र का दौरा किया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पूनिया और डॉ. पिंकी गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि गांधी जयंती हमें महात्मा गांधी के आदर्शों और जीवन मूल्यों की याद दिलाती है। हमें उनके दिखाए हुए सत्य, अहिंसा और सरलता के मार्ग पर चलने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। संवाद